हरिभूमि
विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, सोमवार 15 दिसंबर 2025

04 नीलकंठेश्वर की प्राचीन नगरी उदयपुर में हिंदु ...



08 4 हफ्ते का समय गुजरा, फिर भी स्ट्रीट डॉग्स के ...





## खबर संक्षेप

### चोर घाट नाले की टूटी पुलिया से बढ़ी परेशानी



**विदिशा।** महल घाट से राम घाट जाने वाले मार्ग पर चोर घाट नाले की पुलिया टूट जाने से स्थानीय निवासियों और श्रद्धालुओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बरसात के दौरान आई बाढ़ में पुलिया क्षतिग्रस्त हो गई थी, जिसकी सूचना जिला प्रशासन को समय रहते दी गई, लेकिन अब तक मरम्मत नहीं हो सकी है। मंदिर दर्शन के लिए आने वाले भक्तों का आवागमन बाधित हो रहा है और दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से मांग की है कि पुलिया की तत्काल मरम्मत कराएं।

### उद्यमिता जागरूकता शिविर आयोजित किया

**विदिशा।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय महाविद्यालय विदिशा में रोजगार एवं स्वरोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उद्यमिता विकास केन्द्र मध्यप्रदेश (सेडमैप) द्वारा एक दिवसीय उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 60 से अधिक छात्राओं ने सहभागिता करते हुए प्रशिक्षण प्राप्त किया। इस प्रशिक्षण के प्रायोजक ऑफिस ऑफ द डेवलपमेंट कमिश्नर, सूक्ष्म एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं में स्वरोजगार की भावना विकसित करना, एमएसएमई एवं विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी देना, स्थानीय स्तर पर उपलब्ध व्यावसायिक अवसरों से अवगत कराना तथा वित्तीय कौशल को सशक्त बनाना रहा।

### गोवंश की उपयोगिता बढ़ाने गोबर से उत्पाद निर्माण का अभियान

**विदिशा।** किसानों एवं गो-पालकों को गोवंश की उपयोगिता से अवगत कराने के उद्देश्य से श्री गोपाल गोशाला, मेहलुआ चौराह में गोमाताओं के गोबर से विविध उपयोगी उत्पादों के निर्माण का क्रम निरंतर जारी है। इसी अभियान को आगे बढ़ाते हुए अब देशी गोमाताओं के गोबर से सम-रानी (धूप/ हवन) कप तैयार किए जा रहे हैं। गोशाला परिसर में महिलाओं को प्रशिक्षण देकर गोबर से निर्मित उत्पाद तैयार कराए जा रहे हैं, जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर सृजित हो रहे हैं। गोबर से बने ये सम-रानी कप धार्मिक अनुष्ठानों, हवन एवं दैनिक पूजा-पाठ में उपयोगी होने के साथ-साथ पूर्णतः प्राकृतिक एवं पर्यावरण हितैषी हैं।

### छूटे लाभार्थियों को शामिल करने निर्देश

**विदिशा।** प्रधानमंत्री जनमन योजना के अंतर्गत पात्र निजी वर्ग के लाभार्थियों को पीएमएवाई-जी (ग्रामीण) के पक्के आवासों का लाभ सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए गए हैं। राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक में यह सामने आया कि दस्तावेजों की कमी, प्रवासन, सुरक्षा कारणों एवं दुर्गम भौगोलिक परिस्थितियों के चलते कई निजी जनजातीय परिवार, वृद्धाश्रम लाभार्थी तथा बस्तियां प्रारंभिक सर्वेक्षण से छूट गई थीं। इस स्थिति को ध्यान में रखते हुए आवास प्लस आवेदन को पुनः खोलने तथा छूटे हुए लाभार्थियों के पुनः सर्वेक्षण और पंजीकरण के निर्देश दिए गए हैं। ग्रामीण विकास विभाग और जनजातीय कल्याण विभाग के समन्वय से संयुक्त सत्यापन कर सूची तैयार की जाएगी। सत्यापन उपरांत दोनों विभागों के सचिव/प्रधान सचिव के हस्ताक्षरयुक्त संयुक्त प्रतिवेदन ग्रामीण विकास मंत्रालय को भेजा जाएगा। मिशन का उद्देश्य सभी पात्र निजी बस्तियों को आवास सहित आवश्यक सेवाओं का लाभ देना है। पूरी प्रक्रिया 24 दिसंबर तक पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं।

---

### सांची भ्रमण के लिए जा रही अशोकनगर के बहादुरपुर स्कूल की बस पुल से नीचे गिरी

# बस का बीमा और फिटनेस नहीं था, नशे में धुत होकर वाहन चला रहा था ड्राइवर

**हादसे में घायल 10 बच्चों का मेडिकल कॉलेज में चल रहा उपचार**

- *बस में सवार 49 में से 20 छात्र घायल, अशोकनगर के स्कूल के छात्र सांची भ्रमण करने जा रहे थे।*
- *मेडिकल कॉलेज में 10 बच्चों का चल रहा इलाज, कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने कराई उपचार की व्यवस्था।*

**22 सीटर बस में स्टाफ सहित 54 लोग सवार थे।**

बस के बिना वैध दस्तावेज के सड़कों पर दौड़ने ने प्रशासनिक व्यवस्था पर उठाया सवाल।

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा/बासौदा

अशोकनगर जिले के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बहादुरपुर के छात्रों से भरी बस रविवार सुबह 10.30 बजे नटेरन क्षेत्र के जोहद के पास अनियंत्रित होकर पुल से नीचे गिर गई।

बस में 49 स्कूली बच्चे सवार थे, जिनमें से करीब 20 बच्चे घायल हो गए। बस से छात्रों को शैक्षणिक भ्रमण के लिए सांची ले जाया जा रहा था। बस में स्कूल के 4 स्टाफ सदस्य भी मौजूद थे। जोहद के पास अचानक बस का संतुलन बिगड़ गया और वह नदी में गिर गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास मौजूद ग्रामीणों ने तुरंत बच्चों और स्टाफ को बाहर निकालने में मदद की। सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और राहत-बचाव कार्य शुरू किया। घायल बच्चों को एंबुलेंस से गंजबासौदा के अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। गंभीर घायलों को विदिशा के मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। डॉक्टरों के अनुसार सभी घायलों की हालत फिलहाल स्थिर बताई जा रही है। पुलिस ने मौके का मुआयना बस हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

**हादसे के बाद नशे में धुत ड्राइवर मौके से फरार हो गया, तलाश रही पुलिस**



विदिशा। बस हादसे के बाद घायलों को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराने ले जाते हुए।

#### जांच में सामने आया सचः वाहन में वैध कागजात नहीं थे, नशे में ड्राइवर

प्रारंभिक जांच में पता चला कि बस का बीमा, फिटनेस प्रमाण पत्र और टूर, परिवहन परमिट मौजूद नहीं था। मेडिकल कॉलेज में घायल जिन 10 बच्चों का इलाज चिकित्सकों के द्वारा किया जा रहा है जिनमें छात्र अभिषेक यादव, अमित यादव, रविन्द्र साहू, योगेश पाल, विकास अहिरवार, भूपेन्द्र कुशवाह, अभिषेक अहिरवार, प्रदीप कुशवाह, सचिन प्रजापति, रेहान खां शामिल है।

#### तलाश कर ही पुलिस

जानकारी के अनुसार बस का चालक नशे की हालत में तेज रफ्तार से बस चला रहा था। हादसे के बाद चालक फरार हो गया। फरार बस चालक की तलाश में पुलिस जुट गई है।



बहादुरपुर बीईओ श्याम बिहारी शर्मा का कहना था कि शासन के निर्देश पर प्राचार्यों द्वारा विद्यार्थियों को शैक्षणिक भ्रमण पर भेजा जाता है। भ्रमण के बारे में उन्हें प्राचार्य द्वारा कोई जानकारी नहीं दी गई थी। वहीं प्राचार्य रविशंकर शर्मा का कहना है कि विद्यार्थियों के लिए बस बुक करते समय बस संचालक ने 45 सीटर बस बताई थी। उन्होंने स्वीकार किया कि छात्रों को भ्रमण पर रवाना करते समय वे मौके पर मौजूद नहीं थे और इसी कारण उन्होंने बस को देखा ही नहीं। साथ ही बस के दस्तावेज, फिटनेस या चालक के संबंध में उन्हें जानकारी नहीं है। 22 सीटर मिनी में 54 स्टाफ सहित 54 लोग सवार थे।

---

### सूने घर की चोरी का पुलिस ने किया खुलासा

# 12 तोला सोना और कार सहित 50 हजार नकद चुराने वाले 2 चोर धराए



विदिशा। सीसीटीवी फुटेज और मुखबिर की सूचना से चोरों तक पहुंची पुलिस।

172 सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखने के बाद चोरों तक पहुंचे।

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

कोतवाली पुलिस ने मिर्जापुर स्थित बिजली कंपनी कार्यालय में जेई के पद पर पदस्थ शिवराज मैना के घर हुए लाखों की चोरी का खुलासा कर दिया है। पुलिस ने 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लगभग 12 तोला सोने के आभूषण, 50 हजार नगद तथा 4 लाख कीमत की सेंट्रो कार बरामद की। पुलिस ने मुखबिर की सूचना के आधार पर अनवर पिता बाबू खान (45 वर्ष) निवासी मोहम्मदगढ़ तथा वसीम अहमद पिता सगीर अहमद (55 वर्ष) निवासी बेगमगंज हाल भोपाल को गिरफ्तार किया।

#### सोने के जेवरात पर किया था हाथ साफ

पुलिस ने बताया कि 9 दिसंबर को फरियादी शिवराज मैना निवासी शंकरनगर ने थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 7 दिसंबर को उनका घर सूना था। जिसका फायदा उठाकर अज्ञात चोरों ने सोने की 4 चूड़ियां, मंगलसूत्र, 4 अंगूठियां, झुमकी, टॉप्स, नथ, रानी हार, गले का हार, 2 सोने की चेन और 50 हजार नगद चोरी कर लिए। पुलिस टीम ने 172 सीसीटीवी फुटेज देखे, 125 से अधिक लोगों से पूछताछ कर आरोपियों तक पहुंचने में सफलता प्राप्त की।

---

# थाने में वाहनों की नीलामीः जब्त हुए 150 वाहन बिके और 9 लाख का राजस्व मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

कोतवाली थाना परिसर में हुई जब्त वाहनों की नीलामी में 168 जब्त दोपहिया वाहनों की खुली नीलामी हुई। शनिवार देर रात तक नीलामी चली। इसमें करीब 150 वाहन बिके। 9 लाख रुपए का राजस्व मिला। नीलामी में वाहनों की बोली 1000 रुपए से शुरू हुई। अलग-अलग मॉडलों के लिए सरकारी दरें तय थीं और अधिकतम रेट 4500 रुपए रखा गया था। थाना परिसर में खड़े ये दोपहिया वाहन कई सालों से खुले में रखे थे। इनमें ज्यादातर वाहन अलग-अलग मामलों में जब्त किए गए थे। कुछ बाइक लावारिस मिली थीं, जिनके मालिकों का कोई पता नहीं चल सका। लंबे समय तक खड़े रहने से कई वाहन कंडम हालत में पहुंच चुके थे।

#### नीलामी के बाद थाना परिसर में जगह खाली हुई



थाना प्रभारी आनंद राज ने बताया कि नीलामी के बाद परिसर में काफी जगह खाली हो गई है। पहले वाहनों की वजह से साफ-सफाई और व्यवस्था में दिक्कत आती थी। उन्होंने कहा कि इससे न सिर्फ जगह बनी, बल्कि अच्छी आमदनी भी हुई। नीलामी में प्लेटिना बाइक की बोली 1000 रुपए से शुरू हुई। हीरो स्प्लेंडर प्लस का रेट 1500 रुपए और टीवीएस स्टार सिटी का रेट 2000 से 3500 रुपए तय किया गया था। पुरानी मॉडल की एसडी बाइक 42 हजार रुपए में बिकी, जबकि यामाहा आरएस-100 बाइक 20 हजार रुपए में नीलाम हुई। थाना प्रभारी ने बताया कि कुछ वाहनों पर आपत्ति आने के कारण उनकी नीलामी नहीं हो सकी। उन्होंने कहा कि खुली बोली इसलिए रखी गई, ताकि लोग कम कीमत पर वाहन खरीद सकें और ज्यादा आमदनी हो सके। नीलामी में विदिशा और आसपास के जिलों से बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। दिनभर थाना परिसर में बाइक खरीदने वालों की भीड़ लगी रही। नीलामी में शामिल लोगों का कहना है कि जिले के दूसरे थानों में भी लंबे समय से खड़े वाहनों की नीलामी होनी चाहिए, ताकि थानों में जगह बने और व्यवस्था सुधरे।

---

# विदिशा के विकास को लेकर पार्षदों ने किया जल सत्याग्रह, मनाने पहुंचे नपाध्यक्ष और सीएमओ

### अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे भाजपा के पार्षद विधायक के खिलाफ हुए मुखर

- शहर विकास को लेकर 33 दिनों से जारी है धरना प्रदर्शन।

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा



विदिशा शहर में विकास कार्यों को लेकर सियासी घमासान तेज हो गया है। भाजपा के पार्षद अपनी ही पार्टी के विधायक के खिलाफ खुलकर सामने आ गए हैं। शहर की बदहाल सड़कों, अधूरे विकास कार्यों और बेतवा नदी के लगातार बढ़ते प्रदूषण के विरोध में पार्षदों ने रविवार को बेतवा नदी के घाट पर जल सत्याग्रह किया। इस दौरान कुछ पार्षद अर्धनग्न होकर नदी में उतरे और जनप्रतिनिधियों के खिलाफ नारेबाजी की।

पार्षदों का कहना है कि वे पिछले 33 दिनों से शहर के विकास को लेकर धरने पर बैठे हैं, लेकिन अब तक उनकी मांगों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उनका आरोप है कि विदिशा के भाजपा विधायक मुकेश टंडन विकास कार्यों में सबसे बड़ी बाधा हैं। पार्षदों ने चेतावनी दी कि जब तक सड़कों का निर्माण और अन्य विकास कार्य शुरू नहीं होते, उनका आंदोलन जारी रहेगा। जल सत्याग्रह के दौरान महिला पार्षदों ने घाट पर पूजन कर नेताओं को सद्बुद्धि देने की प्रार्थना की। सूचना मिलने पर नपा सीएमओ दुर्गेश ठाकुर और नपाध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा मौके पर पहुंचे और पार्षदों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन वे अपनी मांगों पर अड़े रहे।

#### विधायक मनमानी के लिए जाने जाते हैंः पार्षद जाट

भाजपा पार्षद अशोक जाट ने आरोप लगाया कि विधायक मुकेश टंडन मनमानी के लिए जाने जाते हैं और उनके ऊपर वरिष्ठ नेताओं का संरक्षण होने के कारण स्थानीय स्तर पर कोई उनकी जवाबदेही तय नहीं कर पा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि यदि मांगें नहीं मानी गईं तो वे जनता के बीच जाकर विधायक के खिलाफ अभियान चलाएंगे। शुक्रवार से डामर की सड़क निर्माण का काम शुरू कराने की बात पर पार्षद नदी से बाहर निकले लेकिन धरना फिर भी खत्म नहीं किया।

---

# गुलाब वाटिका में विधायक ने दिया स्वच्छता संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

रविवार को विधायक मुकेश टंडन स्वच्छता अभियान के तहत गुलाब वाटिका पहुंचे। कार्यकर्ताओं के साथ श्रमदान किया। पार्क परिसर में स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की प्रतिमा की साफ-सफाई की।

विधायक श्री टंडन ने पार्क के आसपास सफाई कर आमजन को स्वच्छता का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल नगरपालिका के सफाई कर्मियों की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि यह हम सभी का सामूहिक दायित्व है। प्रत्येक नागरिक को अपने घर, मोहल्ले के साथ-साथ पार्क, मंदिर और ऐतिहासिक स्थलों को स्वच्छ रखने में योगदान देना चाहिए। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाए गए स्वच्छ भारत अभियान की सराहना करते हुए कहा कि इसे जन-आंदोलन का रूप दिया गया है।



### कक्षा 6 में प्रवेश परीक्षा शांतिपूर्ण हुई

**ग्यारसपुर।** ग्रामीण प्रतिभाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से जोड़ने के उद्देश्य से नवोदय विद्यालय कक्षा 6 में प्रवेश हेतु वर्ष 2026 की चयन परीक्षा शनिवार को संदीपनी विद्यालय, ग्यारसपुर में शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से आयोजित हुई। परीक्षा के लिए 439 विद्यार्थियों ने आवेदन किया था, जिनमें से 369 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। परीक्षा संचालन हेतु 19 कक्ष बनाए गए, प्रत्येक में पर्यवेक्षक तैनात रहा।

---

### पुलिस पंचायत में बुजुर्गों की परेशानियों का हो रहा समाधान

# एक बुजुर्ग दंपती ने बेटी- दामाद व नाती द्वारा प्रताड़ित करने का मामला रखा, दूसरे ने कहाः बाइक खरीदने पैसे मांगता है बेटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

वरिष्ठ नागरिकों की समस्याओं के त्वरित और मानवीय समाधान की दिशा में पुलिस प्रशासन की पहल पुलिस पंचायत लगातार प्रभावी साबित हो रही है। पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशानुसार गठित पुलिस पंचायत की साप्ताहिक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे के साथ पंचायत की कोर कमेटी के सदस्य आर. कुलश्रेष्ठ, दिनेश वाजपेयी, अतुल शाह एवं प्रमोद व्यास उपस्थित रहे। बैठक में वरिष्ठ नागरिकों से जुड़े संवेदनशील प्रकरणों की विस्तार से सुनवाई कर कई मामलों का उसी दिन न्यायोचित समाधान किया गया।


एक प्रकरण में भूमि विवाद में एक वरिष्ठ महिला ने पट्टे की जमीन पर अवैध कब्जे की शिकायत की। दोनों पक्षों की सहमति से राशि भुगतान के माध्यम से समाधान निकाला गया, जिससे आवेदिका को वर्षों की परेशानी से राहत मिली। दूसरे प्रकरण में एक वृद्ध दम्पत्ति ने बेटे द्वारा बार-बार रुपये और वाहन की मांग की शिकायत की। पंचायत में भावनात्मक समझाइश के बाद बेटे ने अपनी गलती स्वीकार करते हुए भविष्य में किसी भी प्रकार की मांग न करने और माता-पिता की सेवा करने का संकल्प लिया। तीसरे प्रकरण में अत्यधिक वृद्ध दम्पत्ति ने बेटी, दामाद और नाती द्वारा उत्पीड़न का मामला रखा। पंचायत में बुजुर्गों के सम्मान और शांति से रहने की आवश्यकता पर जोर दिया गया, जिसके बाद दोनों पक्षों ने विवाद न करने और मदद करने पर सहमति जताई।



#### पुलिस पंचायत सशक्त मंच बनकर उभर रही है

एक मामले में मकान विवाद में दस्तावेजों के आधार पर राजस्व विभाग से भूमि रिकॉर्ड सत्यापन का निर्णय लिया गया। अन्य मामलों में भी पुलिस पंचायत ने समझाइश देकर विवाद शांत कराए और कुछ प्रकरणों में अगली सुनवाई की तिथि तय की गई। पुलिस पंचायत की यह पहल वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान, सुरक्षा और न्याय की दिशा में एक सशक्त मंच बनकर उभर रही है, जो आगे निरंतर जारी रहेगी।



## खबर संक्षेप

### खनिज का अवैध परिवहन करते 3 डंपर पकड़ाए




**गंजबासौदा।** इलाके में खनिज का अवैध उत्खनन एवं परिवहन जोरों पर चल रहा है। नगर के आसपास के इलाके से अवैध उत्खननकर्ता कहीं से भी मिट्टी कोपरा उत्खनन करते रहते हैं। वहीं कई खदानों से भी बिना रायल्टी के गिट्टी, कोपरा आदि का परिवहन चल रहा है। इसी अवैध उत्खनन एवं परिवहन की जानकारी मिलने पर गत दिवस तहसीलदार अरविंद यादव ने क्षेत्र के अलग अलग हिस्सों से तीन डंपरों को खनिज का अवैध परिवहन करते हुए पकडा। इन डंपरों को रोके जाने के बाद उनके चालकों से रायल्टी सहित खनिज परिवहन की अन्य आवश्यक अनुमतियां मांगी गईं, लेकिन जब चालक अनुमतियां और रायल्टी प्रस्तुत नहीं कर सके तो तहसीलदार के निर्देश पर इन डंपरों को पुलिस अभिरक्षा में कोतवाली थाना परिसर में खडा करवा लिया गया है। अब इन डंपर संचालकों पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### लावारिस मवेशी बन रहे परेशानी

**गंजबासौदा।** इन दिनों ग्रामीण क्षेत्र में लावारिस मवेशी किसानों के लिए बडी परेशानी का कारण बने हुए हैं। इन दिनों फसलें अंकुरित हो गई हैं और उनमें किसान पहली सिंचाई की तैयारी कर रहे हैं। ऐसे में ये लावारिस मवेशी खेतों में घुसकर फसल चट कर रहे हैं। किसान एक खेत से दूसरे खेत और एक गांव से दूसरे गांव तक मवेशी खदेडते रहते हैं, लेकिन मवेशियों की संख्या इतनी है कि किसानों को नुकसान के साथ काफी परेशानी भी उठानी पड़ रही है।

### हिन्दु सम्मेलन में 10 हजार श्रद्धालुओं ने "एक संगत एक पंगत" में संतों के साथ ग्रहण की प्रसादी

# नीलकंठेश्वर की प्राचीन नगरी उदयपुर में हिंदु सम्मेलन ने दिया हिंदु एक जुटता का संदेश









हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

भगवान नीलकंठेश्वर की ऐतिहासिक और आध्यात्मिक भूमि उदयपुर रविवार को एक बार फिर सनातन चेतना, सामाजिक समरसता और हिंदू एकता के विराट संदेश की साक्षी बनी, जब नीलकंठेश्वर महादेव की पावन नगरी में पहली बार आयोजित हुए भव्य हिंदु सम्मेलन में सनातन धर्म की प्रमुख पीठ जगदगुरु द्वारा सामाजिक एकता, समरसता, भाईचारे का संदेश एक मंच से दिया गया। इस अवसर पर रामानंदाचार्य संप्रदाय के जगतगुरु डॉ. राम कमलाचार्य वेदांती जी महाराज ने धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा कि सनातन धर्म की आत्मा समरसता है, न कि भेदभाव। परमात्मा ने कभी जाति व्यवस्था नहीं बनाई।

उल्लेखनीय है कि रविवार को उदयपुर सकल हिंदू समाज के आव्हान पर आयोजित हुए सम्मेलन में उदयपुर के अलावा आसपास के ग्रामीण क्षेत्र से करीब दस हजार श्रद्धालुओं ने भागीदारी कर हिंदू एक जुटता का परिचय देते हुए एक संगत एक पंगत में संत समाज के साथ बैठकर प्रसादी ग्रहण करते हुए सामाजिक समरसता का संदेश दिया। बस्ती में पहली बार धर्म गुरु के रूप में पहुंचे जगद्गुरु के स्वागत में उदयपुर वासियों ने पलक पांवडे बिछाकर अभूतपूर्व स्वागत किया।

जगतगुरु डॉ. राम कमलाचार्य वेदांती जी ने केवटन नदी से नीलकंठेश्वर मंदिर तक लगभग दो किलोमीटर लंबी पदयात्रा की। पहली बार उदयपुर पहुंचे जगदगुरु के सम्मान, स्वागत में बस्ती वासियों ने पलक पांवडे बिछा दिए, फूलों की वर्षा कर दी और आतिशबाजी की, ढोल नगाड़े बजाए, मंगल कलश लेकर आरती उतारी। ढोल–नगाड़ों, शंखध्वनि और हर हर महादेव तथा जगतगुरु की जय के गगनभेदी नारों से वातावरण भक्तिमय हो उठा। श्रद्धालुओं का उत्साह इतना अधिक था कि यातायात और व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस प्रशासन को विशेष प्रयास करने पड़े। सम्मेलन के समापन पर श्रीराम मंदिर परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जगदगुरु डॉ. वेदांती जी ने स्वयं श्रद्धालुओं को भोजन प्रसादी परोसी और उनके साथ बैठकर भोजन ग्रहण किया। विशेष बात यह रही कि जगद्गुरु के लिए बिछाए गए विशेष बिछात को उन्होंने हटा कर जहां सभी लोग भोजन कर रहे थे उसी बिछात पर पिछड़े और दलित समाज सहित सभी वर्गों के श्रद्धालुओं सहित एक साथ, एक पंगत में बैठकर प्रसादी ग्रहण की, जिससे सामाजिक समरसता का सशक्त संदेश दिया। आयोजन में 10 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने सहभागिता की। भंडारे की सामग्री बनाने वाले हलवाई वीर सिंह कुशवाह ने बताया कि सामग्री बनाने में 40 कामगार लगे थे और 2 दिन से सामग्री तैयार की जा रही थी जिसमें लगभग 10 कुंटल पूड़ी, 3 कुंटल बूंदी और 2 कुंटल सब्जी तैयार की गई।

पठारी रोड गणेश मंदिर से निकली भव्य कलश यात्रा और जगदगुरु की शोभायात्रा का संगम नीलकंठेश्वर महादेव के प्रवेश द्वार पर हुआ। यात्रा मंदिर के मुख्य प्रवेश द्वार तक पहुंची, जहां जगतगुरु की शोभायात्रा से इसका भव्य संगम हुआ। मंदिर परिसर में प्रवेश करते ही जगदगुरु ने नीलकंठेश्वर महादेव की परिक्रमा की और रुद्राभिषेक संपन्न कराया। मंदिर के पुजारी पंडित नीरज शास्त्री ने वैदिक विधि से पूजन कराया। इसके पश्चात भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर हिंदू सम्मेलन का विधिवत शुभारंभ किया गया। सम्मेलन के दौरान विद्यार्थियों ने राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। उदयपुर के इतिहास पर इतिहासकार गोविंद सक्सेना ने मंच से जानकारी दी। जगद्गुरु के उद्बोधन के बाद राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह प्रांत कार्यवाह संतोष मीणा ने संघ की 100 वर्षों की यात्रा पर प्रकाश डाला। मंच पर वेदांत आश्रम के महंत हरिहर दास जी महाराज, नूरपुर धाम के महंत के अलावा अन्य साधु संत मंच को गरिमा प्रदान कर रहे थे। ग्राम पंचायत उदयपुर की सरपंच वर्षा राजेंद्र चौरसिया की ओर से जगदगुरु सहित अन्य संतों का स्वागत सम्मान किया गया।


इस दौरान जगदगुरु वेदांती जी ने अपने विस्तृत उद्बोधन में स्पष्ट किया कि उन्होंने चारों वेद और अठारहों पुराणों का अध्ययन किया है उसमें कहीं भी जन्म आधारित कठोर जाति व्यवस्था का उल्लेख नहीं मिलता।

उन्होंने कहा कि सनातन परंपरा में गुण और कर्म के आधार पर सामाजिक व्यवस्था रही है, जिसे कालांतर में विकृत कर दिया गया। संत परंपरा में भी जाति का नहीं, भक्ति और चरित्र का सम्मान हुआ। उन्होंने कबीरदास, रविदास, धन्ना जाट जैसे संतों का उदाहरण देते हुए कहा कि हिंदू समाज ने उन्हें कभी जाति के चश्मे से नहीं देखा, बल्कि उनके विचारों और साधना को अपनाया। हिंदू समाज में रिश्तों के क्षरण पर जगदगुरु की चिंता धर्मसभा में जगतगुरु ने सामाजिक ताने-बाने पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आज हिंदू समाज में पारिवारिक और सामाजिक रिश्ते कमजोर हो रहे हैं। परिवार में जनसंख्या नहीं बढ़ेगी तो रिश्ते नहीं बचेंगे और रिश्ते नहीं बचेंगे तो यह देश और धर्म नहीं बचेगा। जब दूसरी समाज के लोग 10 शादियां करके 25 बच्चे पैदा कर रहे हैं तो हिंदू समाज एक शादी करके एक नहीं चार बच्चों को जन्म दे। ताकि रिश्ते बचे रहें।

उन्होंने कहा कि जब रिश्ते कमजोर होते हैं, तब समाज भी कमजोर होता है। उन्होंने आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों की सहायता, गांव–मोहल्लों के मंदिरों की देखरेख और सामाजिक समरसता को धर्म का मूल बताया।

मंच का संचालन वेदांश कुशवाहा ने किया जबकि आभार खंड कार्यवाह योगेश त्रिपाठी ने माना। कार्यक्रम में संघ के जिला प्रचारक राकेश परमार सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद थे।

## पत्तों पर जमी ओस की बूंदें...



**गंजबासौदा।** इलाके में तापमान में गिरावट दर्ज होने लगी है और जाड़ा भी अच्छा पड़ने लगा है शनिवार की सुबह पत्तों पर ओस की बूंदे जमी सी दिखाई दीं। यहां उल्लेखनीय है कि इलाके में तापमान में अचानक से गिरावट आ रही है। जहां दिन में तेज धूप पडती है तो वहीं शाम होते ही सर्द हवाओं से तापमान तेजी से लुढकने लगता है। जिससे रात से लेकर सुबह तक कडकडाती सर्दी पड रही है। इन दिनों इलाके का न्यूनतम तापमान 8 से 9 डिग्री सेल्सियश तक पहुंच रहा है और दिन का अधिकतम तापमान 27 से 28 डिग्री सेल्सियश तक बना हुआ है। मौसम की जानकारी देने वाली वेबसाइटों के अनुसार तापमान में गिरावट की यह स्थिति आगामी 20 दिसंबर तक इसी तरह बनी रहने के पूर्वानुमान हैं। **फोटो एवं विवरण: राजा छारी**

# पुरानी पेंशन के लिए शिक्षक हुए लामबंद, होगा उग्र आंदोलन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

आजाद अध्यापक शिक्षक संघ की जिला स्तरीय बैठक का आयोजन रविवार को किया गया। जिसमें 2 जनवरी 2026 को भोपाल में आयोजित होने वाले पुरानी पेंशन बहाली आंदोलन की रूपरेखा बनाई गई। जिसमें सैकड़ों शिक्षकों ने उग्र आंदोलन करने का संकल्प लिया। आजाद अध्यापक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष सुनील रघुवंशी के नेतृत्व में जिला स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संभाग उपाध्यक्ष रविकांत रिछारिया ने की। जिसमें जिले के समस्त विकास खंड, तहसील के पदाधिकारी और सदस्य शामिल हुए। सैकड़ो की संख्या में उपस्थित शिक्षकों ने क्रांतिकारी विचार व्यक्त करते हुए कहा कि पुरानी पेंशन हमारा अधिकार है जिसे लेकर ही मानेंगे। गंजबासोदा ब्लॉक अध्यक्ष नंदकिशोर प्रजापति, राजेश वैष्णव, साबिर खान, जन शिक्षक राजा भैया गुर्जर, मनोज नामदेव, नारायण सिंह रघुवंशी, और काशीराम मालवीय ने ओजस्वी वक्तव्य दिया। आजाद अध्यापक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष भरत पटेल के नेतृत्व में 2 जनवरी 2026 को शाहजहानी पार्क भोपाल में पुरानी पेंशन बहाली और अन्य मांगों को लेकर आंदोलन किया जाएगा। जिसमें शामिल होने के लिए विदिशा जिले से हजारों की संख्या में शिक्षक भोपाल रवाना होंगे। शिक्षकों ने अन्य शिक्षकों को इस आंदोलन में शामिल होने के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का संचालन नवल दास करी ने किया। शिक्षक देवेंद्र कुशवाह और अरुण रघुवंशी ने आभार माना।

## सांसद खेल महोत्सव में विधायक, नपाध्यक्ष जनपद अध्यक्ष ने की सहभागिता



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नगर के शासकीय संजय गांधी स्मृति महाविद्यालय खेल परिसर में चल रहे सांसद खेल महोत्सव आयोजनों के क्रम में नगर मंडल की वार्ड क्रमांक 7 एवं 14 के बीच फाइनल मैच आयोजित किया गया। इस मौके पर मैच के शुभारंभ कार्यक्रम में विधायक हरि सिंह रघुवंशी, नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव, जनपद अध्यक्ष नीतू देवेन्द्र रघुवंशी ने सहभागिता की। सभी अतिथियों ने दोनों टीमों के खिलाडियों से मुलाकात की और उन्हें शुभकामनाएं देते हुए खेल भावना के साथ खेल खेलने की समझाइश दी। इस मैच में दोनों टीमों ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया और अंततः वार्ड क्रमांक 7 की टीम ने यह फायनल मैच जीतकर ट्राफी अपने नाम कर ली। यहां उल्लेखनीय है कि नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं को उभारने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और क्षेत्रीय सांसद एवं केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान की मंशानुसार सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया जा रहा था। जिसके तहत नगर में वार्ड वार और ग्रामीण क्षेत्र में पंचायत वार टीमें बनाकर उनके बीच विभिन्न मैच आयोजित कराए गए और विजेता एवं उपविजेता टीमों को पुरस्कृत किया गया।

### रिपटा घाट पर डीप क्लिनिंग, घाटों पर लापरवाही बनी चुनौती

# साप्ताहिक श्रमदान अभियान 5.0 का दसवां चरण संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

साप्ताहिक श्रमदान अभियान 5.0 के अंतर्गत रविवार को बेतवा नदी के रिपटा घाट पर दसवां चरण पूर्ण प्रतिबद्धता और सामाजिक चेतना के साथ संपन्न हुआ। दसवें चरण के स्वच्छता कार्यक्रम में श्रमदान दल के सदस्यों ने घाट क्षेत्र की डीप क्लिनिंग पर विशेष जोर दिया और नदी के प्रवाह क्षेत्र, सीढ़ियों, चबूतरों व किनारों में जमी गंदगी को हटाया। स्वच्छता अभियान के दौरान यह निरन्तर सामने आ रहा है कि मुंडन संस्कार हेतु बनाए गए चबूतरों के उपलब्ध होने के बावजूद लोग घाट परिसर में जहाँ-तहाँ बाल कटा रहे हैं। इससे न केवल घाट की पवित्रता भंग हो रही है, बल्कि श्रमदान दल के सामने नदी को साफ स्वच्छ बनाए रखने की कठिन चुनौती खड़ी हो रही है। दल के सदस्यों ने बताया कि मुंडन के दौरान निकलने वाले बाल वर्षों तक नष्ट नहीं होते एवं इनके अवशेष समय के साथ सड़कर दुर्गंध पैदा करते हैं और अंततः नदी में प्रवाहित होकर जल प्रदूषण का कारण बनते हैं और जलीय जीवों की मृत्यु का कारण भी बनते है।

श्रमदान दल ने गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि पाँच वर्षों से निरंतर श्रमदान एवं जन-जागरूकता अभियान चलाए जाने के बाद भी लोग घाटों पर तेल, शैंपू और साबुन का उपयोग कर रहे हैं। दल का मानना है कि यह स्थिति अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है और इसे "मूर्खता की पराकाष्ठा" कहना अनुचित नहीं होगा। दल के अनुसार आज पाँचवीं कक्षा में पढ़ने वाला बच्चा भी जानता है कि नदियों के किनारे नहाना, कपड़े या वाहन धोना जल प्रदूषण को बढ़ाता है, फिर भी वयस्कों द्वारा इस कटु सत्य की अनदेखी की जा रही है।

श्रमदान दल के सदस्यों ने स्पष्ट किया कि नदी स्वच्छता केवल किसी अभियान तक सीमित विषय नहीं, बल्कि व्यवहार और संस्कार से जुड़ा प्रश्न है। जब तक समाज स्वयं जिम्मेदारी नहीं लेगा, तब तक किसी भी प्रयास का स्थायी परिणाम नहीं निकल सकता। रविवार को आयोजित स्वच्छता कार्यक्रम में पीयूष श्रीवास्तव (शिक्षक), शिवम मीणा (शिक्षक), राकेश रघुवंशी, शेखर अहिरवार, नितिन अग्रवाल, दीपेश शर्मा, आकाश जैन एवं मन्नू केवट ने सक्रिय सहभागिता निभाई और श्रमदान कर समाज को सकारात्मकता का संदेश दिया।

# युवाओं को धर्म संस्कृति से जोड़ने से बनेगा नशा मुक्त दंगा-फसाद मुक्त, अखंड भारत: शफाकत कादरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



शनिवार को बैगलेस डे कार्यक्रम के अंतर्गत सेमरी के बच्चो द्वारा भारत वर्ष मे अमन चैन और शांति की मंगल कामना व विकसित भारत आत्मनिर्भर भारत समर्थ भारत की प्रार्थना के साथ महारानी अवंतीतीबाई लोधी परिसर मे भजन-संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता योग गुरू सैयद शफाकत हुसैन कादरी ने पालको अभिभावक व घर के बुजुर्गो से आग्रह किया वे बचपन से ही धर्म संस्कृति से अपने बच्चो को जोडे। यदि युवा वर्ग अध्यात्मिक ज्ञान और कर्म की और आएगा तो नशा शराब सहित सभी व्यसन से दूर रहेगा। यही युवा सज्जन शक्ति हमारे देश को नशा मुक्त, दंगा-फसाद मुक्त कर अखंड भारत का निर्माण करेगी। हमे अपने बच्चो युवाओं बालिकाऔ को सही मार्गदर्शन देने की जरूरत है। आज समाज मे नकारात्मक असुरी शक्तियां अपना प्रभाव बढा रही है उसकी एक वजह हमारे नौजवानो का भारतीय धर्म संस्कृति से दूर होना भी है। हमे मुख्यमंत्री मोहन यादव का आभार व्यक्त करना चाहिए जिन्होने दूरदर्शी भूमिका निभाते हुऐ अब स्कूलो मे पर्व त्यौहार मनाऐ जाने की परंपरा शुरू की। इससे हमारी न्यू जनरेशन बचपन से ही अध्यात्मिक ज्ञान प्राप्त कर अपना तन मन शुद्ध पवित्र भाव विकसित कर मजबूत चरित्रवान बनेगी। समाजसेवी चतर सिंह, फेरन सिंह ने बच्चो की इस पहल का स्वागत करते हुऐ स्कूलो में धार्मिक शिक्षा दिऐ जाने की बात कही और मध्यप्रदेश सरकार को साधुवाद दिया जो उन्होने स्कूलो मे भी अपने पर्व त्यौहार के माध्यम से नैतिक शिक्षा देने की शुरूआत की। महेंद्र सिंह ,ठाकुर रामबाबू सोनी ने श्रीमद्भागवत गीता महोत्सव मनाकर श्रीकृष्ण का कर्म सिद्धांत घर घर पहुंचाने की पहल पर आभार जताते हुऐ इस तरह के आयोजन लगाकर व हर पर्व त्यौहार पर किऐ जाने की अपील की। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता ऊषा सेन, सोना बाई, लक्ष्मीबाई, रजनी देवी, भगवती देवी लोधी,मालती पंथी, राधिका देवी , परी लोधी , प्रियंका , मानसी राजपूत, कशिश विश्वकर्मा, ललिता , प्रियांशी सेन , नुपुर लोधी, रानी,भावना, चाँदनी पंथी आदि मौजूद रहे।

### सिरोंज का कलाकार: फिल्म 'धुरंधर' में अब्दुल भुट्टावी का रोल अदा करने वाले वरिष्ठ रंगकर्मी पंडित संजय मेहता की हरिभूमि से विशेष चर्चा

# 'रंगमंच से जीवन यापन संभव, मैं 20 की उम्र से भारत भवन व रंगमंडल से जुड़ा हूं'

राजीव जैन सैनानी ⏭ सिरोंज



फिल्म धुरंधर इन दिनों काफी चर्चाओं में है। वही इस फिल्म में एक अहम भूमिका निभाने वाले सिरोंज सिद्ध आश्रम के वरिष्ठ मंहत एंव वरिष्ठ रंगकर्मी व अभिनेता संजय मेहता का रविवार को सिरोंज आगमन हुआ।

वही हरिभूमि से चर्चा करते हुए अपने अनुभवों को साझा करते हुए उन्होंने न सिर्फ फिल्म धुरंधर और अपने किरदार पर खुलकर बात की, बल्कि रंगमंच, सिनेमा, कलाकारों की तैयारी, समाज पर फिल्मों के असर और अपनी लंबी रंगयात्रा के अनुभव भी साझा किए। जब उनसे हरिभूमि संवाददाता राजीव जैन सैनानी ने फिल्म धुरंधर में उनका क्या रोल रहा है बारे में चर्चा की तो उन्होने बताया कि फिल्म धुरंधर में इसमें जो कैरेक्टर मैं कर रहा हूं, वो अब्दुल भुट्टावी का कैरेक्टर है। 26/11 में जो मुंबई में ताज होटल और दूसरी जगहों पर हमले हुए थे, उनमें जो जिम्मेदार आदमी था, वह अब्दुल भुट्टावी था। फिल्म बहुत सारी चीजों को रिवील करती है। खासतौर पर पार्लियामेंट अटैक, 26/11 और उसके अलावा पाकिस्तान किस तरह से हिंदुस्तान के खिलाफ साजिशें करता है, उनके आतंकवादी संगठन कैसे काम करते हैं, उनकी प्लानिंग किस तरह की होती है, पैसा कहां से आता है और हथियार कहां से आते हैं, इन सब बातों को यह फिल्म सामने लाती है। उन्होने कहा कि एक तरह से इसे जासूसी फिल्म भी कह सकते हैं, क्योंकि रणवीर सिंह का जो कैरेक्टर है, वह भारत का जासूस है और पाकिस्तान में घुसा हुआ है। अब जब फिल्म रिलीज हो चुकी है, तो मुझे लगता है कि ज्यादा कहानी डिटेल में बताने की जरूरत नहीं है, क्योंकि दर्शक जब खुद जाकर देखेंगे, तभी उन्हें इसका पूरा आनंद मिलेगा।

#### कई फिल्मों में आतंकवादियों का रोल कर चुके संजय मेहता

कई बार एक बहुत विचित्र सी बात होती है कि आदमी जो दिखता है, वो होता नहीं और जो होता है, वो दिखता नहीं। एक्टर के लिए यह बहुत जरूरी होता है कि वह अपने स्वभाव से अलग हटकर भी कुछ करे। ईश्वर की कृपा रही है कि मैंने जो भी रोल किए हैं, वो अलग-अलग तरह के रहे हैं। आतंकवादियों के रोल किए हैं, बदमाशों के रोल किए हैं, लेकिन इसके साथ-साथ बिल्कुल अलग तरह के चरित्र भी निभाए हैं। जैसे ड्राई डे में सौरभशुक्ला की फिल्म में बिल्कुल अलग कैरेक्टर है, धड़क 2 में एक कॉमेडी सीक्वेंस किया है। फिल्मिस्तान में वहाब भाई का कैरेक्टर किया, ओमेर्टा में हंसल मेहता की फिल्म में अजर मसूद का किरदार निभाया और अब धुरंधर में अब्दुल भुट्टावी का रोल। इसके अलावा कई सीरियल्स में साधुओं के किरदार भी किए हैं। जो चरित्र मिलता है, उसे पूरी ईमानदारी से अपनाने की कोशिश करता हूं। उन्होने कहा कि ऐसी फिल्मों में हमेशा कैरेक्टर डेवलपमेंट ही सब कुछ नहीं होता। कई बार घटनाक्रम और सिचुएशन ज्यादा महत्वपूर्ण होती है। जैसे ओमेर्टा में अजर मसूद का कैरेक्टर था, लेकिन फिल्म की मूल कहानी आतंकवादी संगठनों के काम करने के तरीके, उनकी ट्रेनिंग और साजिशों पर आधारित थी। धुरंधर में भी बहुत सारी घटनाएं दिखाई गई हैं- 26/11 में कौन लोग शामिल थे, कैसे काम कर रहे थे, हथियार कहां से आए, पैसा कैसे दिए गए। आतंकवादियों और पाकिस्तान से बैठकर बात करने वालों की ऑडियो रिकॉर्डिंग, जाली करेंसी, करेंसी पेपर और प्लेट्स जैसी बातें दिखाई गई हैं। ये वो बातें हैं जो आम जनता को पहले नहीं पता थीं और इस फिल्म के जरिए सामने आती हैं।

#### यह देशप्रेम है, राजनीति नहीं

वरिष्ठ मंहत एंव वरिष्ठ रंगकर्मी व अभिनेता संजय मेहता ने कहा कि मुझे लगता है कि जब हम सच्ची घटनाओं को सामने रखते हैं, जैसे मुंबई अटैक, हजारों लोगों की मौत, पुलिसकर्मियों की शहादत तो इसमें राजनीति कहां से आ जाती है। जाली करेंसी छप रही थी, पार्लियामेंट अटैक हुआ, ये सब सच है। अगर फिल्म यह दिखा रही है कि पाकिस्तान किस तरह से हिंदुस्तान के खिलाफ साजिश करता है, तो यह देशप्रेम है, राजनीति नहीं। ऐसे में किसी को यह तय करना होगा कि वह किस पक्ष में खड़ा है। अगर सच दिखाना प्रोपगेंडा है, तो फिर 26/11 का मुंबई हमला, पार्लियामेंट अटैक और जाली करेंसी जैसे मुद्दे क्या झूठ हैं क्या ये घटनाएं हुई ही नहीं थीं आज युद्ध के तरीके बदल गए हैं। पहले युद्ध का मतलब होता था कि सैनिक आमने-सामने लड़ेंगे, लेकिन आज युद्ध का एक बड़ा हिस्सा मीडिया, सूचना और माध्यमों के जरिए भी लड़ा जा रहा है। फिल्म एक बहुत बड़ा और प्रभावशाली माध्यम है, जिसके जरिए बात सीधे जनता तक पहुंचती है।

#### बहुत ज्यादा शारीरिक और मानसिक शक्ति लगी

वहीं हरिभूमि ने अभिनेता संजय मेहता से रणवीर सिंह और अक्षय खन्ना के साथ काम करने के अनुभव के बारे में चर्चा की तो उन्होने बताया कि रणवीर सिंह के साथ एक सीन में बहुत ज्यादा एनर्जी लग रही थी। वह सीन बार-बार किया जा रहा था और उसमें बहुत ज्यादा शारीरिक और मानसिक शक्ति लग रही थी। लगातार टेक होने की वजह से मैं काफी थक गया और जब वहां से उठा तो अचानक मुझे चक्कर आ गया, लगभग बेहोश ही हो गया था। सेट पर मौजूद लोगों ने तुरंत संभाला, रणवीर सिंह भी वहीं थे। वहां पहले से एक पलंग रखा हुआ था, उसी पर मुझे लिटाया गया और कुछ ही देर में होश आ गया। रणवीर सिंह ने मुझसे कहा कि सर, शायद आपकी शुगर लो हो गई होगी और उन्होंने मुझे चॉकलेट भी दी। मैंने उनसे कहा कि मुझे शुगर नहीं है, लेकिन फिर भी उन्होंने अपनेपन से चॉकलेट खिलाई।

## पशु पालकों के बनेंगे किसान किसान क्रेडिट, योजना का लाभ लेने की अपील

**विदिशा।** जिले के समस्त पशुपालकों को पशुपालन विभाग के माध्यम से सूचित किया गया है कि जो पशुपालक किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) बनवाने के इच्छुक हैं, वे आवश्यक दस्तावेजों के साथ अपने नजदीकी शासकीय पशु चिकित्सालय में शीघ्र संपर्क करें। पशुपालन विभाग द्वारा पशुपालकों को वित्तीय सहायता, पशुओं के पालन-पोषण, चारा, दवा एवं अन्य आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु किसान क्रेडिट कार्ड योजना का लाभ प्रदान किया जा रहा है। इस योजना के माध्यम से पशुपालकों को सरल शर्तों पर बैंक ऋण उपलब्ध कराया जाता है, जिससे उनकी आय में वृद्धि के साथ पशुधन विकास को भी बढ़ावा मिलता है। विभाग द्वारा स्पष्ट किया गया है कि केसीसी आवेदन हेतु पशुपालकों को बैंक खाते की पासबुक, आधार कार्ड, समग्र आईडी, पशुओं की संख्या (अलग-अलग टैग नंबर सहित), पशुओं के फोटोग्राफ, पासपोर्ट साइज की दो फोटो तथा भूमि संबंधी कागजात साथ लाना अनिवार्य होगा। पशुपालन विभाग ने जिले के सभी पशुपालकों से अपील की है कि वे इस योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और समय रहते आवश्यक दस्तावेजों के साथ पशु चिकित्सालय में संपर्क कर अपना आवेदन पूर्ण कराएं।

### भजनों पर नाचते हुए खाटू श्याम मंदिर तक पहुंची श्रद्धालु महिलाएं

# 5 हजार से अधिक महिलाओं ने खाटू श्याम मंदिर में हाथों में रचाई श्याम नाम की मेहंदी

- मंदिर में उमड़ा श्रद्धालु महिलाओं का सैलाब।

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा



वैशाली विहार कॉलोनी के खाटू श्याम मंदिर में चार दिवसीय वार्षिक महोत्सव का आयोजन हो रहा है। भक्ति और श्रद्धा से ओत-प्रोत वातावरण में श्याम भक्तों का उत्साह देखते ही बन रहा है। महोत्सव में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हों रहे हैं। मंदिर में विशेष आयोजन हुआ, जिसमें महिलाओं के लिए श्याम नाम की मेहंदी कार्यक्रम रखा गया। इस आयोजन में शामिल होने के लिए बड़ी संख्या में महिलाएं मंदिर पहुंचीं।

हजारों महिलाओं ने एक-दूसरे के हाथों में श्याम बाबा के नाम की मेहंदी लगाई। मंदिर समिति द्वारा मेहंदी सहित सभी व्यवस्थाएं पहले से की गई थीं। मंदिर परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया है तथा व्यवस्था बनाए रखने के लिए स्वयंसेवकों की टीम तैनात की गई है। मंदिर परिसर को भी आकर्षक सजाया गया था।

#### मेहंदी कार्यक्रम में महिलाओं के साथ-साथ पुरुषों ने भी भाग लिया

कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 9 बजे ग्यारह बार हनुमान चालीसा के सामूहिक पाठ से हुई। इसमें बड़ी संख्या में श्याम भक्तों ने भाग लिया। इसके पश्चात विधिविधान से सामूहिक सत्यनारायण भगवान की कथा का आयोजन किया गया। कथा में श्रद्धालुओं की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। इस अवसर पर बड़ी संख्या में भक्त अपने-अपने घरों से लड्डू गोपाल को लेकर पहुंचे। उनका विधिवत पूजन-अभिषेक किया गया। मंदिर परिसर पूरे समय भक्ति रस से सराबोर रहा। दोपहर 12 बजे से श्याम नाम की मेहंदी का भव्य आयोजन प्रारंभ हुआ, जो रात 8 बजे तक लगातार चलता रहा। इस मेहंदी कार्यक्रम में महिलाओं के साथ-साथ पुरुष श्रद्धालुओं ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। आयोजकों के अनुसार 5 हजार से अधिक भक्तों ने अपने हाथों पर श्याम नाम की मेहंदी लगवाई। कार्यक्रम के दौरान श्याम भक्तों का जोश और आस्था देखते ही बनती थी। पूरा मंदिर परिसर श्याम नाम के जयकारों से गूंजता रहा। सातवें वार्षिक उत्सव के उपलक्ष्य में रविवार को भव्य एवं ऐतिहासिक निशान यात्रा का आयोजन किया जाएगा। यह निशान यात्रा दोपहर 2 बजे चिंतामणि गणेश मंदिर से प्रारंभ होकर शहर के मुख्य मार्गों से गुजरते हुए श्याम मंदिर खाटू धाम पहुंचेगी। आयोजन श्री श्याम मित्र मंडल विदिशा द्वारा किया जा रहा है।

#### 11 बार किया हनुमान चालीसा का पाठ

मंदिर समिति सदस्य गौरव बंसल ने बताया कि खाटूश्याम मंदिर का यह सातवां वार्षिक उत्सव है। हर वर्ष की तरह इस बार भी विविध धार्मिक आयोजन किए जा रहे हैं, जिनमें महिलाएं, युवा और वरिष्ठ नागरिक उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं। श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा आयोजित महोत्सव के तहत सुबह सामूहिक सत्यनारायण भगवान की कथा का आयोजन हुआ, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए। कथा के पश्चात सामूहिक रूप से 11 बार हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। इस दौरान भक्त मंडली के सामूहिक गायन से मंदिर परिसर भक्ति के रंग में सराबोर रहा। इसके बाद मेंहदी का आयोजन हुआ । महोत्सव के तहत रविवार को शहर में भव्य निशान यात्रा निकाली जाएगी। हजारों की संख्या में खाटू श्याम भक्त हाथों में निशान लेकर बाबा के दरबार में अर्पित करेंगे। निशान यात्रा डंडापुरा स्थित चिंतामणि गणेश मंदिर से प्रारंभ होगी।श्री श्याम मित्र मंडल के अध्यक्ष घनश्याम बंसल ने बताया कि यह उत्सव भक्तों के लिए भक्ति, अध्यात्म और सामूहिक सौहार्द का प्रतीक है।

## लायंस क्लब विदिशा सनराइज ने संदीपनी विद्यालय में कॅरियर काउंसिलिंग आयोजित की



हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य को दिशा देने के उद्देश्य से लायंस क्लब विदिशा सनराइज के तत्वावधान में शासकीय संदीपनी विद्यालय में कैरियर काउंसलिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को उनकी रुचि, क्षमता एवं योग्यता के अनुसार सही कैरियर चयन हेतु मार्गदर्शन प्रदान करना रहा।

क्लब के संस्थापक सदस्य लायन शोभित भार्गव ने बताया कि कैरियर काउंसलिंग सत्र का संचालन वरिष्ठ एवं प्रतिष्ठित कैरियर काउंसलर प्रणिता कन्हेरकर ने किया। उन्होंने अपने रोचक एवं संवादात्मक सत्र में विद्यार्थियों को कक्षा 10वीं के बाद उपलब्ध विभिन्न पाठ्यक्रमों, 11वीं में विषय चयन की प्रक्रिया तथा साइंस, कॉमर्स सहित अन्य क्षेत्रों में उपलब्ध कैरियर एवं रोजगार अवसरों की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही विद्यार्थियों को भविष्य के प्रोफेशनल विकल्पों से भी अवगत कराया। प्रणिता कन्हेरकर ने विशेष रूप से शासकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों के लिए संचालित मेधावी छात्र योजना एवं गांव बेटी योजना की जानकारी भी साझा की, जिससे छात्र-छात्राएं शैक्षणिक लाभ उठा सकें। विद्यालय के प्राचार्य बलराम चौधरी ने अतिथियों का स्वागत करते हुए लायंस क्लब के सेवा कार्यों की सराहना की। आभार प्रदर्शन वरिष्ठ शिक्षक शंकरलाल विश्वकर्मा ने किया। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष लायन शालिनी भार्गव, पूर्व अध्यक्ष लायन अमोल अग्रवाल सहित क्लब के सदस्य उपस्थित रहे।

## एकीकृत प्राथमिक शाला पीपलखेड़ी में शौचालय जर्जर, खुले में जाते हैं बच्चे

**बदहाली:** बालिका शौचालय के अंदर पड़े मिले शराब के खाली क्वार्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ हैदरगढ़



हैदरगढ़ उप तहसील के अंतर्गत ग्राम पीपलखेड़ी स्थित एकीकृत प्राथमिक शाला की स्थिति बेहद चिंताजनक बनी हुई है।

स्कूल परिसर में चारों ओर गंदगी का डेर लगा हुआ है। शौचालयों की वर्षों से नियमित सफाई नहीं होने के कारण वे पूरी तरह अनुपयोगी हो चुके हैं। शौचालय टूटे-फूटे हैं, गेटों की चद्दर और कुंडियां उखड़ी हुई हैं, वहीं आसपास कचरे के ढेर जमा हैं। बालिका शौचालय में शराब की बोतलें मिलने से स्कूल की सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। तीसरी कक्षा के बच्चों ने बताया कि शौचालय की सफाई केवल 26 जनवरी के अवसर पर की गई थी, उसके बाद कभी साफ-सफाई नहीं हुई। हालात इतने खराब हैं कि बच्चे मजबूरी में खुले में शौच करने को विवश हैं। इससे बच्चों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। स्कूल में दो शिक्षक पदस्थ हैं। गोपाल सिंह रघुवंशी और मनीष शर्मा। निरीक्षण के दौरान मौके पर केवल तीन बच्चे और एक शिक्षक मनीष शर्मा उपस्थित मिले। बताया गया कि गोपाल सिंह रघुवंशी को अटारी खेड़ा जन शिक्षण केंद्र में जन शिक्षक के पद पर रखा गया है।

स्कूल भवन की पुताई के लिए राशि निकाले जाने के बावजूद आज तक पुताई नहीं कराई गई। इस संबंध में जब बीआरसी ज्ञान सिंह अहिरवार से चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि हमारे स्तर से स्कूल के लिए राशि जारी की जा चुकी है। यदि पुताई सफाई नहीं हुई है तो मामले की जांच कराकर संबंधितों पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## 9 दिवसीय संगीतमयी श्रीराम कथा का शुभारंभ, निकली कलश यात्रा



हरिभूमि न्यूज ⏭ शमशाबाद

सामाजिक संस्था युवा मंच द्वारा नगर में नौ दिवसीय संगीतमयी श्रीराम कथा का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन के शुभारंभ अवसर पर भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में ढोल-नगाड़ों व डीजे की भक्तिमय धुनों पर श्रद्धालु जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। नगर के विभिन्न स्थानों पर नागरिकों द्वारा पुष्प वर्षा कर एवं आरती उतारकर यात्रा का स्वागत किया गया। कलश यात्रा की विशेष आकर्षण छोटी-छोटी बालिकाएँ रहीं, जो सिर पर कलश धारण कर श्रद्धा भाव से चलती नजर आईं। नौ दिवसीय श्रीराम कथा का वाचन मालवा के प्रसिद्ध कथावाचक पंडित अनिल शर्मा द्वारा किया जाएगा।।

## कृषक संगोष्ठी में जल संरक्षण का महत्व बताते हुए बोरी बंधान किया

**शमशाबाद।** जन अभियान परिषद के तहत चयनित नवांकुर संस्था पंडित प्रभु दयाल उपाध्याय एजुकेशन एंड सोशल वेलफेयर सोसाइटी ने ग्राम पुरेनिया में प्रस्फुटन समिति के कृषक संगोष्ठी के साथ बोरी बंधान कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में खेतों में पानी के बहाव और मिट्टी कटाव की रोकथाम, जल संरक्षण तथा जैविक खेती के महत्व पर ग्रामीणों को जानकारी दी गई। ग्रामवासियों की मदद से नाले में बह रहे पानी को रोकने हेतु बोरी बंधान बनाया गया। संस्था की अध्यक्ष रेनू उपाध्याय, समिति अध्यक्ष बलराम पंथी और ग्रामीणों के सहयोग से कार्यक्रम सफल रहा। इस दौरान बड़ी संख्या में मौजूद ग्रामीणों और किसानों को जैविक खेती के बार में जानकारी प्राप्त हुई।

## नहीं रहे रिनिया वाले सेठ नाथूराम जैन

**विदिशा।** तारण सामज नटेरन के महामंत्री राजकुमार जैन एवं प्रमोद जैन के पिताजी व पूरनचंद, धनपाल के बड़े भाई और प्रकाश जैन के चाचा, विजय जैन गौरव जैन सौरव के ताऊ, रिनिया वाले सेठ नाथूराम का शुक्रवार को निधन हो गया है। रविवार को उनका अस्थी संचय हुआ और शाम को णमोकार मंत्र का पाठ हुआ। उनके अंतिम संस्कार एवं अस्थी संचय में बड़ी संख्या में तारण सामज एवं ग्रामीण रिनिया के नागरिकों ने शामिल होकर उन्हे श्रद्धांजलि दी।



### सकल हिंदू समाज के द्वारा नगर में निकाली गई भव्य वाहन रैली

# नगर की 20 बस्तियों में होंगे हिंदू सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

विदिशा नगर में आगामी 20 दिसंबर से लेकर 20 जनवरी तक शहर की 20 बस्तियों में अलग अलग वाहन रैली और प्रत्येक बस्ती में हिंदू सम्मेलन का आयोजन होगा।

नगर कार्यवाह राजेंद्र सिंह बघेल ने जानकारी देते हुए बताया कि रविवार 14 दिसंबर को हिंदू सम्मेलनों का आगाज करते हुए नगर में भव्य वाहन रैली निकाली गई। रैली का शुभारंभ बंटी नगर संकटमोचन श्री हनुमान मंदिर से प्रारंभ हुआ। यह वाहन रैली पीतलमिल, खरीफाटक से होते हुए माधवगंज पहुंची । जहां से मैन रोड निकासा होते हुए बड़ा बाजार, तिलक चौक से बजरिया होते हुए रामलीला में समापन हुआ।

वाहन रैली में 100 चार पहिया वाहनों का काफिला चल रहा था तो वहीं 300 से 400 के बीच में दो पहिया वाहनों पर भगवा ध्वज लिए युवा सवार चल रहे थे। रैली में भारत माता के सचित्र सजे हुए छह रथ शामिल किए गए थे। वहीं दो डीजे की धुन से वातावरण केसरिया हो गया था। नगर कार्यवाह राजेंद्र बघेल के अनुसार नगर की 20 बस्तियों में होने वाले हिंदू सम्मेलनों के लिए सकल हिंदू समाज द्वारा भोजन सामग्री का संग्रह करके सामूहिक भंडारे का आयोजन होगा। जहां समरसता का संदेश देते हुए सभी वर्गों के लोग एक साथ भोजन प्रसादी ग्रहण करेंगे।



वाहन रैली में सैकड़ों की संख्या में युवा हुए शामिल।

## सकल हिन्दू समाज की बैठक में की गई मंडल स्तरीय हिंदू सम्मेलन की रूपरेखा तय

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुलाबगंज

सकल हिन्दू समाज के विभिन्न मंडलों के ग्रामों से आए जागरूक युवाओं की बैठक आयोजित की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि 20 दिसंबर से 20 जनवरी के मध्य प्रत्येक मण्डल में हिन्दू सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे, जिनमें हिन्दू समाज के सभी वर्गों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। सम्मेलनों में मातृशक्ति का प्रतिनिधित्व रहेगा तथा सभी हिन्दू और सामाजिक संगठन सम्मिलित होंगे। बैठक में गुलाबगंज नगर हिन्दू सम्मेलन 18 जनवरी रविवार को आयोजित करने का निर्णय लिया गया, वहीं बरींघाट मंडल का सम्मेलन 11 जनवरी को होगा। संतापुर एवं गुनुआ मंडल के सम्मेलन भी जनवरी माह में आयोजित किए जाएंगे। सम्मेलनों के माध्यम से सामाजिक समरसता का संदेश और पंच परिवर्तन का ध्येय समाज तक पहुंचाया जाएगा। प्रत्येक मण्डल में संचलन समिति व आयोजन समिति का गठन किया गया है। कार्यक्रम स्थलों पर भूमि पूजन, साइकिल यात्रा, वाहन रैलियां तथा टोलियों द्वारा धन एवं वस्तु संग्रह की योजना बनाई गई। यह आयोजन किसी व्यक्ति विशेष का नहीं, बल्कि संपूर्ण हिन्दू समाज का सामूहिक प्रयास होगा।

**न्यायालय अपर कलेक्टर जिला विदिशा (म.प्र.)**
**प्रकरण क्रमांक 0140/निगरानी/2024-25 /607**

1. हेमराज बघेल पुत्र श्री जयराम बघेल निवासी ग्राम करैयाहाट तहसील व जिला विदिशा म.प्र.
2. श्रीमती अनारबाई वेवा श्री बुन्देल सिंह बघेल ग्राम अरवरिया तह. व जिला विदिशा म.प्र..................निगरानीकर्तागण

विरुद्ध

1. बेगम बी वेवा श्री पीर खां
2. नाजिरा बी पुत्री श्री पीर खां
3. फुल्लो बी पुत्री श्री पीर खां

निवासीगण करैयाहाट तहसील व जिला विदिशा म.प्र....................... गैरनिगरानीकर्तागण

**विज्ञप्ति**

एतद द्वारा गैरनिगरानीकर्तागण बेगम बी वेवा श्री पीर खां, नाजिरा बी पुत्री श्री पीर खां, फुल्लो बी पुत्री श्री पीर खां निवासीगण करैयाहाट तहसील व जिला विदिशा को सूचित किया जाता है कि, निगरानीकर्तागण द्वारा उपखण्ड अधिकारी विदिशा का प्रकरण क्रमांक 0056/अपील/2024-25 व मामले हेमराज बघेल आदि बनाम लाखनसिंह बघेल आदि मे पारित आदेश दिनांक 13.02.2025 के विरूद्ध इस न्यायालय मे निगरानी प्रस्तुत की है। इस निगरानी प्रकरण की सुनवाई तारीख 23.12.2025 को न्यायालय अपर कलेक्टर, कक्ष क्रमांक 204, कंपोजिट भवन, स्वामी विवेकानंद चौराहा विदिशा पर होगी। निश्चित तारीख को गैर-निग. स्वयं या अभिभाषक के माध्यम से नियत तिथि को प्रातः 11:00 बजे उपस्थित होवे। नियत तिथि पर अनुपस्थिति की दशा में एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालय की मुहर से आज दिनांक 10/12/2025 को जारी किया गया।

**अपर कलेक्टर**
**जिला विदिशा (म.प्र.)**

**सुप्रीम कोर्ट ने 8 हफ्ते की दी थी मोहलत** स्थानीय प्रशासन ने नहीं दिया ध्यान

# 4 हफ्ते का समय गुजरा, फिर भी स्ट्रीट डॉग्स के आतंक से निजात दिलाने नहीं हुई कवायद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

जिला मुख्यालय सहित जिलेभर की नगरीय निकायों में इन दिनों स्ट्रीट डॉग्स का बड़ा आतंक है। लापरवाही का आलम यह है कि यहां गली मोहल्लों और कॉलोनी में आवारा कुत्तों का झुंड घूमता रहता है। शहर के जिला अस्पताल सहित बस स्टैंड नपा कार्यालय परिषद सहित कृषि उपज मंडी सहित अन्य सार्वजनिक चौराहों पर आवारा कुत्तों के झुंड यहां वहां नजर आ ही जाते हैं। इसके बावजूद भी नगर पालिका परिषद द्वारा स्ट्रीट डॉग्स की समस्या से निजात नहीं दिलाई जा सकी है।

जबकि सुप्रीम कोर्ट दिल्ली द्वारा नगरी निकायों को सिर्फ आठ हफ्ते का समय दिया था। लेकिन नगरीय निकाय इस मामले में अनदेखी करते नजर आ रहे हैं।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक नगर पालिका कार्यालय के आसपास बस स्टैंड सागर भोपाल 13 गंज बाजार कृषि उपज मंडी दशहरा मैदान जिला अस्पताल परिसर में आवारा कुत्तों को झुंड घूमते नजर आ जाते हैं। इतना ही नहीं यह आवारा कुत्ते बच्चों और राहगीरों को अपने नुकीले दातों का शिकार भी बना देते हैं।

इन आवारा कुत्तों को मोहल्ले के चौक, गलियों में देखकर छोटे-छोटे बच्चे और स्कूली छात्र तो डर जाते हैं। स्ट्रीट डॉग्स की वजह से आए दिन अस्पतालों में कुत्तों के काटने के मामले सामने आ रहे हैं। आवारा कुत्ते छोटे बच्चों को अपना शिकार बना रहे हैं। स्थिति यह है कि जिला अस्पताल में हर महीने 250 से 300 डॉग बाइट के शिकार व्यक्ति पहुंच रहे है। हालात इतने बिगड़ चुके हैं कि रात के समय यह आवारा कुत्ते झुंड बनाकर घूमते हैं तथा दो पहिया वाहन चालकों पर झूमकर उनको काट लेते है। वहीं इस मामले में नपा सीएमओ सुरेखा जाटव कहना है कि शहर में स्ट्रीट डॉग्स के बढ़ते आतंक से निपटने के लिए नए सिरे से कार्रवाई करने कार्य योजना बनाई जा रही है शिकायत मिलने पर समय-समय पर आवारा कुत्तों को पकड़ने नगर पालिका परिषद विशेष अभियान चलाती है। स्ट्रीट डॉग्स के टीकाकरण के लिए टेंडर बुलाए हैं।



## स्थानीय प्रशासन भी नहीं जुटा पा रहा संसाधन

शहर की नपा कार्यालय परिषद के पास आवारा घूमते कुत्तों के झुंड को पकड़ने के लिए और नियंत्रण के लिए पर्याप्त संसाधन भी नहीं है। 1, 2 चार पहिया जालीनुमा वाहन जरूर है। उनमें आवारा मवेशी और कुत्तों को पकड़ कर बंद कर दिया जाता है। रायसेन जिले में डॉग्स हाउस या शेल्टर होम भी नहीं है। वहीं स्ट्रीट डॉग्स को पकड़ने प्रशिक्षित अमले की कमी बनीं हुई है। जिले की नगरीय निकायों में भी स्थिति यह है कि स्ट्रीट डॉग्स की समस्या से निपटने के लिए पर्याप्त संसाधनों का अभाव बना हुआ है। जब कोई भी स्ट्रीट डॉग्स कई लोगों पर हमला करता है तो उनका रस क्यों करना बड़ा मुश्किल कार्य होता है।

### इनका कहना है

जिले में डॉग बाइट के मामले लगातार बढ़ रहे हैं, जो चिंता का विषय है। जिलेभर में रोजाना 15 से 20 केस आवारा कुत्तों के काटने के सामने आते हैं। सरकारी अस्पतालों में रेबीज इंजेक्शन पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध रहते हैं।

- **डॉ. एचएन मांडरे**, सीएमएचओ रायसेन

## टेंडर होने के बाद भी शुरू नहीं हो सकी कार्रवाई

पिछले वर्ष जिले की नगरीय निकायों ने डेढ़ हजार आवारा कुत्तों का टीकाकरण कराया था। बताया जाता है कि इसका ठेका एक एनजीओ को दिया था। प्रभारी डूडा अधिकारी सुरेखा जाटव ने बताया कि इस साल भी नगरीय निकायों ने 1000 स्ट्रीट डॉग्स को टीकाकरण के लिए ठेका दिया है। हालांकि टेंडर होने के बाद भी अभी तक कोई कार्रवाई शुरू नहीं हुई है। आवारा कुत्तों के आतंक से जूझ रहे लोगों में निकायों के प्रति तेजी से आक्रोश पनप रहा है।

## अभी तक नजर नहीं आ रही कोई पहल

गौरतलब है कि इन स्ट्रीट डॉग्स को लेकर सुप्रीम कोर्ट कोर्ट ने निकायों को इन आवारा कुत्तों को शेल्टर होम पहुंचाएं या फिर उनका टीकाकरण कराने के निर्देश दिए थे, जिसके लिए 8 हफ्तों की मोहलत दी थी। लेकिन शहर सहित जिले की नगरीय निकायों द्वारा अभी तक कोई ठोस पहल नहीं की है। रायसेन नपा परिषद सहित जिले भर की नगरीय निकायों के जिम्मेदारों द्वारा अभी तक ऐसे कोई ठोस पहल नहीं की गई। जिससे स्ट्रीट डॉग्स की समस्या से नपा परिषद रायसेन सहित जिलेभर की नगरीय निकायों सहित अन्य कस्बों तहसीलों में भी स्ट्रीट डॉग्स की ज्वलंत समस्या से निजात दिलाने ठोस पहल नहीं की जा सकी है।

उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी यादव ने रायसेन में बीएलओ की बैठक ली

# 80 प्लस आयु के मतदाताओं के घर पहुंचकर की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

रविवार को उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी राजेश यादव ने सांची विधानसभा के बीएलओ की बैठक ली। बैठक में मुख्य निर्वाचन कार्यालय भोपाल के अन्य अधिकारी, एसडीएम मनीष शर्मा सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

उपमुख्य निर्वाचन पदाधिकारी यादव द्वारा बीएलओ से एसआईआर की कार्यवाही की जानकारी ली और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने 80 प्लस आयु के मतदाताओं के घर जाकर उनसे भी चर्चा की।



### कार्य में लापरवाही माफी के लायक नहीं

हिदायत देते हुए वह बोले एसआईआर कार्य में बीएलओ द्वारा लापरवाही बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि इसके बाद भी खामियां आई तो लापरवाहों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई होना तय है।

धूमधाम से निकली कलश यात्रा

# मानस सत्संग भवन में सात दिवसीय भागवत कथा प्रारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

प्राचीन श्रीजी मंदिर से धूमधाम के साथ कलश शोभायात्रा निकाली गई। नगर के प्रमुख मार्गो बाजारों से निकली शोभायात्रा का स्वागत एवं पूजन श्रद्धालुओं द्वारा किया। यात्रा का मानस सत्संग भवन प्रांगण में समापन के बाद कथा व्यास आचार्य राजेश रावत द्वारा शुरुआत में श्रीमद् भागवत कथा के श्रवण का महत्व विस्तार से वर्णन किया गया।

कथा व्यास आचार्य श्री रावत ने कहा कि श्रीमद् भागवत ग्रंथ ही नहीं बल्कि जीवन को सही दिशा देने वाला दिव्य मार्गदर्शन है। भागवत कथा से अहंकार का त्याग भगवान की भक्ति प्रेम सेवा सत्य की राह पर चलने का संदेश मिलता है कलयुग में भगवान का स्मरण नाम जप और कथा श्रवण भगवान की भक्ति की सहज साधना है।

### झांकी रही आकर्षण

रथ पर बनी श्रीराधा-कृष्ण की मनोहारी झांकी शोभायात्रा में आकर्षण का केंद्र रही। पुरुष पीले वस्त्र में और महिलाएं अपनी विशेष परिधान में भारी संख्या में कलश शोभा यात्रा में सम्मिलित हुए।

# पीएमश्री विद्यालय में होगा सृजन कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

सांची विकासखंड के अंतर्गत आने वाले पीएमश्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दीवानगंज में सोमवार को सामुदायिक पुलिसिंग के अंतर्गत पुलिस विभाग, वेलस्पन फाउंडेशन के सहयोग से सृजन कार्यक्रम का शुभारंभ होगा।

जिसमें बच्चों को मार्शल आर्ट की टैनिंग पुलिस विभाग के मार्शल आर्ट प्रशिक्षकों द्वारा 15 दिवसीय प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिसमें स्कूल के छात्र छात्राओं एवं शाला त्यागी बच्चों को मार्शल आर्ट, बाल सुरक्षा, जीवन कौशल, करियर परामर्श आदि विषयों पर प्रशिक्षण दिया जायेगा। इस कार्यक्रम से जुड़ने के लिए युवा दीवानगंज शाला में संपर्क कर सकते हैं। कार्यक्रम मध्य प्रदेश पुलिस, वेलस्पन फाउंडेशन के सहयोग से क्रियान्वयन संस्था निवसीड-बचपन भोपाल संस्था द्वारा आयोजित किया जाएगा।




# पुलिस ने सुलझाई युवक के अंधेकत्ल की गुत्थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

पुलिस को एक अंधेकत्ल में सफलता मिली है। इस हत्याकांड में शामिल 4 आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस ने बताया कि बीते 13 दिसंबर को सूचना मिली थी कि एक युवक को परिजन मृत अवस्था में अस्पताल लाए है। मृतक के भाई लालसिंह की सूचना पर मर्ग कायम कर जांच शुरू की गई। पीएम रिपोर्ट में मृत्यु का कारण हत्या होना पाया गया। पुलिस टीम बनाकर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी। घटना स्थल क्षेत्र में गहन पूछताछ की गई। चश्मदीद साक्ष्यों एवं लगभग 200 सीसीटीवी फुटेज के विश्लेषण के आधार पर आरोपियों की पहचान कर महज कुछ ही घंटों में चार आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की गई।

### युवती से प्रेम प्रसंग को लेकर हुई हत्या

◆ पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि मृतक 35 वर्षीय संजय उर्फ टिल्लू तोमर का मुख्य आरोपी रामेश्वर लोधी की बहन के साथ प्रेम प्रसंग था, जिसके चलते आरोपी रामेश्वर ने साथियों के साथ मिलकर चाकू से हमला कर संजय की हत्या की। हत्या के बाद सभी आरोपी फरार हो गए थे। पुलिस ने हथियार एवं ऑटो वाहन जप्त किया है। पुलिस ने आरोपी 28 वर्षीय रामेश्वर पिता बलवंत लोधी, 19 वर्षीय जय उर्फ मयूर पिता गुड्डु श्रीवास्तव, 22 वर्षीय सुनील ठाकुर उर्फ कल्लू पिता भगवान सिंह को गिरफ्तार कर लिया है।

# सलामतपुर में 300 और जैथारी में 310 देसी अवैध शराब की जब्त, दो आरोपी भी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर

शनिवार रात को शाहपुर जोड़ पर पुलिस ने अवैध रूप से बेचने के लिए रखे 300 क्वाटर देशी शराब ज़ब्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया।

पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति शाहपुर जोड़ पर पुलिया के पास बोरियो में भारी मात्रा में अवैध शराब रखे हुए है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर व्यक्ति को घेराबंदी कर दबोच लिया एवं तलाशी लेने पर 300 क्वार्टर देशी शराब जब्त की। आरोपी की पहचान मलखान चौहान पिता रामसिह उम्र 28 साल निवासी ग्राम झुंडखोह के रूप में हुई।

## घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ा

**सिलवानी।** जैथारी चौकी प्रभारी सुनील भदौरिया के नेतृत्व में पुलिस ने नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। मुखबिर की सूचना पर ग्राम घूरपुर रोड, परासिया तिगड्डा में घेराबंदी कर कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान एक व्यक्ति को अवैध शराब का परिवहन करते हुए पकड़ा।

पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम शिब्बू उर्फ अरविंद राय, पिता दिलीप राय, उम्र 34 वर्ष, निवासी ग्राम प्रतापगढ़ बताया। आरोपी के कब्जे से 310 क्वार्टर देशी मसाला मदिरा, जिसकी अनुमानित कीमत 36 हजार रुपये बताई जा रही है, जप्त की गई। आरोपी द्वारा शराब का परिवहन मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 38 जेड ए 4073 से किया जा रहा था।

पुलिस ने आरोपी के विरुद्धद्ध आबकारी अधिनियम के तहत पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्रवाई की। उल्लेखनीय है कि जैधारी पुलिस द्वारा पूर्व में भी अवैध शराब के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई की जा चुकी है।



इस संबंध में चौकी प्रभारी सुनील भदौरिया ने बताया कि नशे के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और अवैध शराब कारोबारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# सरार में पीएम सड़क में घटिया मरम्मत पर ग्रामीणों का आक्रोश

### जिम्मदारों पर कार्रवाई के साथ मरम्मत कार्य की जांच करने उठाई मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर

सांची विकासखंड के ग्राम सरार में प्रधानमंत्री सड़क योजना के अंतर्गत चल रहे सड़क रिपेयरिंग कार्य की गुणवत्ता को लेकर ग्रामीणों में भारी नाराज़गी देखने को मिली। सरार सरपंच नरेश चौधरी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे और घटिया निर्माण का विरोध किया।

सरपंच चौधरी ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत सड़क रिपेयरिंग का ठेका वर्ष 2022 में हुआ था, जिसकी मरम्मत अब कराई जा रही है, लेकिन कार्य में भारी लापरवाही बरती जा रही है। सड़क पर मानक के विपरीत सामग्री का उपयोग किया जा रहा है, जिससे भविष्य में सड़क जल्दी खराब होने की आशंका है। मौके पर सरपंच ने प्रधानमंत्री सड़क योजना के एसडीओ से फोन पर शिकायत की और चेतावनी दी कि यदि गुणवत्ता में सुधार नहीं किया तो वे जनसुनवाई में कलेक्टर के समक्ष पूरे ग्रामीणों के साथ शिकायत दर्ज कराएंगे।



इस पर एसडीओ के कथित तौर पर गैर-जिम्मेदाराना रवैये से ग्रामीण और आक्रोशित हो गए। सरपंच का कहना है कि एसडीओ ने कहा, जहां जाना है वहां चले जाओ, काम जैसा चल रहा है वैसा ही चलेगा, रुकेगा नहीं।

इस बयान के बाद ग्रामीणों में रोष फैल गया। ग्रामीणों ने मांग की है कि सड़क रिपेयरिंग कार्य की निष्पक्ष जांच कराई जाए और दोषी अधिकारियों व ठेकेदार के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि सरकारी योजनाओं का लाभ सही ढंग से जनता तक पहुंच सके।

## सप्त दिवसीय भागवत कथा के अंतिम दिन श्रीकृष्ण-सुदामा मित्रता का प्रसंग सुनकर भावविभोर हुए श्रद्धालु

**रायसेन।** शहर के वार्ड 3 मढ़ईपुरा में कुशवाह परिवार द्वारा संगीतमय 7 दिवसीय श्रीमद भागवत कथा का रविवार को समापन हो गया। शहर के सुप्रसिद्ध भागवत कथा वाचक पंडित दुर्गा प्रसाद शर्मा के श्रीमुख से कथा सुनने के लिए दूर-दूर से लोग पहुंचे। रविवार को अंतिम दिन की भागवत कथा में सुदामा चरित्र और राजा परीक्षित के मोक्ष का प्रसंग सुनकर भक्त भावविभोर हो गए। दुर्गा महाराज ने श्रीमद्भागवत कथा का समापन करते हुए कई कथाओं का भक्तों को श्रवण करवाया। जिसमें प्रभु श्री कृष्ण के 16108 शादियों के प्रसंग के साथ, सुदामा प्रसंग और परीक्षित मोक्ष की कथाएं सुनाई। उन्होंने बताया जीव ब्रह्म का एक ही स्वरूप माना जाता है। कथा के पूर्व रविवार को सुबह हवन की पूर्णाहुति हुई।

भगवान का जन्म जीव को जन्म-मरण से मुक्त करने होता है: मुनिश्री

# पंचकल्याणक महोत्सव के दूसरे दिन हुआ भगवान का जन्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

पंच कल्याणक महोत्सव के दूसरे दिन भगवान के जन्म कल्याणक का भव्य एवं भावपूर्ण आयोजन सिलवानी में संपन्न हुआ। जैसे ही भगवान के जन्म कल्याणक का मंचन हुआ, संपूर्ण वातावरण भक्ति, आनंद और श्रद्धा से सराबोर हो गया। मुनि श्री प्रमाण सागर महाराज ने अपने ओजस्वी वाणी प्रवाह में कहाआज का दिन साधारण नहीं है। रविवार को भगवान का जन्म हुआ है। जन्म सभी को आनंद देता है, पर भगवान का जन्म त्रिलोकी में आनंद की लहर दौड़ा देता है।

उन्होंने समझाया कि जीव का जन्म और मरण संसार के बंधन में होता है, लेकिन भगवान का जन्म जीव को जन्म-मरण से ऊपर उठने का मार्ग दिखाता है। भगवान जन्म लेते है, ताकि जीव जन्म-मरण से मुक्त हो सके। यह कहते हुए मुनिश्री ने शास्त्रों में वर्णित भगवान के जन्म प्रसंगों को अत्यंत सजीव रूप में प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के दौरान मंच से यह भावपूर्ण संदेश दिया कि छोटे मंचों पर होने वाले धार्मिक आयोजन अधिक प्रभावशाली और आनंददायक होते हैं। जहां दिखावा कम और भाव अधिक होता है वहाँ धर्म सीधे आत्मा तक पहुँचता है। यह संवाद श्रोताओं के मन में गहराई तक उतर गया। मुनिश्री ने अखंड दिगंबर जैन समाज को संबोधित करते हुए कहा कि आचार्य श्री विद्यासागर महाराज का आशीर्वाद आज समाज में साकार होता दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा भावना भाओ कि सम्यक दर्शन प्राप्त हो, रत्नत्रय जीवन में उतर जाए और यह महोत्सव आपके जीवन का टर्निंग पॉइंट बने। विशेष रूप से युवाओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि यह समय संस्कारों की दीक्षा लेने का है।युवा पीढ़ी यदि धर्म से जुड़ गई, तो समाज का भविष्य उज्ज्वल हो जाएगा। इस संदेश ने उपस्थित युवाओं में नई ऊर्जा का संचार किया।



कार्यक्रमों की श्रृंखला का शुभारंभ प्रातः भगवान की पूजन एवं अभिषेक विधि से हुआ। भगवान आदिनाथ के जन्माभिषेक का भव्य जुलूस नगर के प्रमुख मार्गों से निकाला।

### भगवान का जन्म होते ही गाई बधाईयां, किया मंगलाचरण पाठ

नगर में अखंड दिगम्बर जैन समाज सिलवानी के तत्वावधान में मुनि श्री प्रमाण सागर महाराज के पावन सान्निध्य में चार दिवसीय पंच कल्याणक महोत्सव का भव्य एवं ऐतिहासिक आयोजन किया जा रहा है। इस महोत्सव के माध्यम से जैन धर्म की परंपराओं, संस्कारों एवं आध्यात्मिक मूल्यों का जीवंत प्रदर्शन किया जा रहा है। महोत्सव के द्वितीय दिन रविवार को जन्म एवं तप कल्याणक से संबंधित अनेक धार्मिक, सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक कार्यक्रम श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ संपन्न हुए।

# नगर में निकलने वाले कचरा गंदगी का वैज्ञानिक ढंग से होगा निस्तारण

### 82 लाख रुपए से बनने वाले कंपोस्टिंग प्लांट का हुआ भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

नगर के सभी 15 वार्डों में प्रतिदिन दर्जनों ट्राली कचरा निकलता है, जिसको घोघरा नदी के किनारे डंप किया जाता है। इसी प्रकार नगर के घरों दुकानों का निकलने वाला गंदा पानी नालियों के माध्यम से घोघरा नदी में जाता है।

नगर की गंदगी कचरा गंदे पानी को नदी में जाने से रोकने स्वच्छ भारत मिशन शहरी के अंतर्गत 82 लाख रुपए से अधिक की राशि स्वीकृत हुई। अपशिष्ट प्रबंधन वैज्ञानिक दृष्टि से निस्तारण के लिए मुक्तिधाम के पास कंपोस्टिंग प्लांट का विधिवत नगर पंचायत अध्यक्ष हेमंत राजा भैया चौधरी द्वारा पार्षदों नागरिकों की उपस्थिति में भूमि पूजन किया गया।



### 6 महीने में तैयार होगा एमआरएफ कंपोस्टिंग प्लांट

घरों से निकलने वाले कचरे को घोघरा नदी किनारे बरसों से डंप किया जा रहा है। अब कचरे का वैज्ञानिक ढंग से निस्तारण प्लांट के माध्यम से होगा। प्लांट के माध्यम से कचरे को रिसाइकल किया जाएगा। नदी के आसपास का अधिकांश क्षेत्र भूमि नदी के डूब क्षेत्र में आते हैं ठेकेदार द्वारा अगले 6 माह की समय सीमा में प्लांट का निर्माण पूर्ण किया जाता है तो नगर की गंदगी नदी में पहुंचने की विकराल समस्या का समाधान हो जाएगा। प्लांट के भूमिपूजन के दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष हेमंत राजा भैया चौधरी उपाध्यक्ष नेपाल सिंह राजपूत सीएमओ हरिशंकर वर्मा नगर पंचायत के पार्षदों कर्मचारी एवं नागरिकों की उपस्थिति रही।